प्रेस रिलीस

बीईएमएल ने मनाया तीसरा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

बीईएमएल लिमिटेड, जो रक्षा मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक मिनी रत्न कंपनी है, ने अपने कंपनी भर में तीसरा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। कंपनी के मुख्यालय तथा बेंगलूर, कोलार गोल्ड फील्ड्स, मैसूर तथा पालक्काड़ स्थित कॉम्प्लेक्स कार्यालयों के कर्मचारियों तथा कार्यपालकों ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया है।

श्री अनिरुद्ध कुमार, निदेशक (रेल व मेट्रो) बीईएमएल मुख्यालय में तीसरा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का उद्घाटन करते हैं।

बीईएमएल, बेंगलूर कॉम्प्लेक्स के कर्मचारी और कार्यपालक योग अभ्यास में भाग ले रहे हैं

बीईएमएल, केजीएफ़ कॉम्प्लेक्स के कर्मचारी और कार्यपालक योग अभ्यास करते हैं

पैलेस ग्राउंड, मैसूर में आयोजित मास योग कार्यक्रम में मैसूर कॉम्प्लेक्स के बीईएमएल कर्मचारीगण भाग लेते हुए दिखते हैं।

इस अवसर पर मुख्यालय में गठित समारोह में श्री अनिरुद्ध कुमार और श्री आरएच मुरलीधरा, कंपनी के कार्यात्मक निदेशक उपस्थित रहे। बेंगलूर, कोलार गोल्ड फील्ड्स, मैसूर तथा पालक्काड़ स्थित कॉम्प्लेक्स कार्यालयों के प्रमुखों ने तत्संबंधी स्थानों में गठित कार्यक्रमों का नेतृत्व किया।

तीसरा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के उक्त कार्यक्रम में संबंधित स्थानों पर प्रसिद्ध योग गुरु के मार्गदर्शन के साथ योग अभ्यास, हमारे सभी के जीवन में विशेषकर कर्मचारियों तथा कार्यपालकों के संदर्भ में योग और उसके लाभ पर योग विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान सत्र शामिल हैं। कॉम्प्लेक्सों में उक्त समारोह आयोजित करने के साथ साथ, बीईएमएल ने कंपनी द्वारा चलाये जा रहे स्कूलों में भी समान कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें इस अवसर को मनाने के लिए आयोजित योग के अभ्यास सत्र में विभिन्न आयु वर्ग के छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया है।

बीईएमएल अपनी कंपनी के कल्याण निकायों के माध्यम से अपने कर्मचारियों और परिवार के सदस्यों के लिए नियमित नि: शुल्क योग कक्षाएं आयोजित करके अपने कर्मचारियों तथा कार्यपालकों के बीच योग के अभ्यास को लगातार प्रोत्साहित करता आ रहा है और कई लोग योग कक्षाओं के माध्यम से लाभ उठा रहे हैं।

बेंगलूर | बीईएमएल लिमिटेड द्वारा रिलीस
21.06.2017